[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, शुक्रवार, 12 जून 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 4 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 233, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

**अनमोल वचन**

हम सभी एक दुसरे की मदद करना चाहते है, मनुष्य ऐसे ही होते है, हम एक दुसरे के सुख के लिए जीना चाहते है दुःख के लिए नहीं।

कोटक म्यूचुअल फंड ... 02

03 सूचना केंद्र जयपुर में तीन ...

## खबर संक्षेप

**कुराबड़ थाना पुलिस की कार्रवाई**

### छह वर्ष से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिले के पुलिस थाना कुराबड़ ने लंबे समय से फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार करने




में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन द्वारा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल एवं पुलिस उप अधीक्षक गोपाल चंदेल के निर्देशन में थाना कुराबड़ पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने ग्राम न्यायालय गिर्वा, उदयपुर में विचाराधीन प्रकरण संख्या 17038/2017 में फरार चल रहे स्थायी वारंटी युवराज उर्फ घनश्याम सिंह पुत्र शंभू सिंह निवासी जूड, थाना कुराबड़ को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी लंबे समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था तथा उसके विरुद्ध स्थायी वारंट जारी था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की है।

**प्रतापनगर थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

### अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़, भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री जब्त

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिले के पुलिस थाना प्रतापनगर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए देबारी क्षेत्र में संचालित एक अवैध पटाखा




फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में पटाखे एवं विस्फोटक सामग्री जब्त कर दो व्यक्तियों को डिटेन किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक जगदीश कुमार तथा प्रतापनगर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर देबारी स्थित एक सरकारी विद्यालय के पास दबिश दी। कार्रवाई के दौरान एक अवैध लघु पटाखा निर्माण इकाई का खुलासा हुआ, जहां बड़े पैमाने पर पटाखे तैयार किए जा रहे थे।

पुलिस ने मौके से लगभग 50 कार्टन पटाखे, पटाखा निर्माण में प्रयुक्त कागज, सुतली, लेबल, सफेद सोडा के चार कट्टे, सल्फर के तीन कट्टे, एल्युमिनियम पाउडर, विस्फोटक मिश्रित पाउडर, कोयला पाउडर, व्हाइट डस्टिंग गम सहित बड़ी मात्रा में अन्य सामग्री बरामद की है। इसके अलावा पटाखों की पैकिंग एवं निर्माण कार्य में प्रयुक्त विभिन्न उपकरण भी जब्त किए गए हैं। मामले में अनिल पुत्र त्रिलोक निवासी खेरवाड़ा तथा लक्की पुत्र अनिल निवासी खेरवाड़ा को डिटेन किया गया है। पुलिस ने विस्फोटक अधिनियम एवं अन्य संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ग्रामीण सेवा शिविर में महिलाओं को योजनाओं और वन स्टॉप सेंटर की दी जानकारी

**सलूम्बर @ पदमावत मीडिया।** ग्रामीण सेवा शिविर 2026 के तहत ग्राम पंचायत डाल में आयोजित शिविर में महिला अधिकारिता




विभाग ने महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्पलाइन 181, लाडो प्रोत्साहन योजना तथा महिला सुरक्षा संबंधी प्रावधानों पर जागरूक किया गया। महिलाओं को जिला मुख्यालय पर संचालित वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं के बारे में भी बताया गया, जहां हिंसा या प्रताड़ना से प्रभावित महिलाओं को निःशुल्क आवास, भोजन, पुलिस सहायता, चिकित्सकीय सुविधा एवं कानूनी परामर्श उपलब्ध कराया जाता है।

## मुख्यमंत्री ने देखी भारत भाग्य विधाता फिल्म

# राष्ट्र प्रथम की भावना को समर्पित गुमनाम नायकों की प्रेरक गाथा है भारत भाग्य विधाता फिल्म : मुख्यमंत्री

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को जयपुर स्थित जवाहर सर्किल के एक सिनेमा परिसर में भारत भाग्य विधाता फिल्म का विशेष प्रदर्शन देखा। इस अवसर पर सांसद एवं फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, सांसद मंजू शर्मा, फिल्म के निर्देशक एवं निमार्ता, नर्सिंग कार्मिक तथा छात्राएं उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राष्ट्र प्रथम की भावना और समाज के प्रति संवेदनशीलता ही प्रत्येक नागरिक की सबसे बड़ी पहचान होती है। राष्ट्र को सर्वोपरि मानकर अपना सर्वस्व समाज और देश के लिए समर्पित करने वाले गुमनाम नायकों की प्रेरक गाथा को भारत भाग्य विधाता फिल्म में प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश ने 26/11 के आतंकी हमलों से लेकर कोविड महामारी जैसे कठिन दौर तक अनगिनत कर्मयोगियों की सेवा भावना को देखा है। चिकित्सकों, नर्सिंग कार्मिकों, सुरक्षाकर्मियों तथा अन्य सेवा प्रदाताओं ने विषम परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए







मानवता और राष्ट्रसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। यह फिल्म ऐसे असंख्य लोगों के त्याग, साहस और समर्पण को रेखांकित करती है, जो हर परिस्थिति में राष्ट्र और समाज की सेवा के लिए निरंतर कार्यरत रहते हैं।

उन्होंने फिल्म के निमार्ता तथा पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रेरणादायी फिल्में युवाओं में कर्तव्यबोध, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करने का महत्वपूर्ण कार्य करती हैं। मुख्यमंत्री ने युवाओं का आह्वान किया कि वे समाज सेवा और सहयोग की भावना के साथ आगे बढ़ें तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले नर्सिंग कार्मिकों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों ने फिल्म की सराहना करते हुए इसे समाज को सकारात्मक संदेश देने वाली प्रेरणादायी प्रस्तुति बताया।

# ग्रामीण सेवा शिविरों से बदल रही तस्वीर : किसानों, बुजुर्गों और आमजन को मिल रहा त्वरित लाभ

## सेवा शिविरों में मिल रही राहत की छांव, किसानों को मिला आर्थिक संबल, बुजुर्गों की बहाल हुई पेंशन





**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** राज्य सरकार के निदेर्शानुसार आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर-2026 ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन के लिए राहत, समाधान और जनकल्याण का प्रभावी माध्यम बनकर उभर रहे हैं। गांव-गांव आयोजित किए जा रहे इन शिविरों में लोगों की वर्षों पुरानी समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा रहा है, जिससे आमजन में प्रशासन के प्रति विश्वास और संतोष का भाव दिखाई दे रहा है। किसानों को कृषि अनुदान, बुजुर्गों को पेंशन बहाली तथा राजस्व संबंधी मामलों में त्वरित राहत मिल रही है।

**किसान को मिला कृषि यंत्र अनुदान, चेहरे पर लौटी मुस्कान**

उपखण्ड क्षेत्र मावली की ग्राम पंचायत लदानी में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर एक किसान के लिए नई उम्मीद लेकर आया। लदानी निवासी किसान शंकरलाल लंबे समय से आर्थिक तंगी के कारण आधुनिक कृषि यंत्र खरीदने में असमर्थ थे। शिविर के दौरान कृषि विभाग के सहायक कृषि अधिकारी परसराम जाट ने उन्हें कृषि यंत्र अनुदान योजना की जानकारी दी तथा आवेदन की प्रक्रिया पूरी करवाई।

शिविर में ही किसान का आवेदन स्वीकृत करते हुए मल्टीक्रॉप थ्रेशर खरीदने के लिए 1 लाख 25 हजार रुपये का अनुदान स्वीकृत किया गया। एडीएम सिटी जितेंद्र ओझा एवं उपखण्ड अधिकारी रमेश सिरवी पुनाड़िया की उपस्थिति में किसान को अनुदान स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। अनुदान मिलने पर किसान शंकरलाल के चेहरे पर खुशी लौट आई। उन्होंने कहा कि अब आधुनिक कृषि यंत्र खरीदकर खेती को अधिक सरल और लाभकारी बना सकेंगे, जिससे उत्पादन में भी वृद्धि होगी।

**ग्रामीण सेवा शिविर बना बुजुर्गों का सहारा**

ग्राम पंचायत चांदवास में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर कई बुजुर्ग महिलाओं के लिए राहत का संदेश लेकर आया। हरकू, राजूड़ी और सवली नामक महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा पेंशन लंबे समय से बायोमेट्रिक सत्यापन की तकनीकी समस्या के कारण बंद थी। कई प्रयासों के बावजूद समाधान नहीं होने से वे परेशान थीं।

शिविर में मामला सामने आने पर अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए ओटीपी आधारित सत्यापन प्रक्रिया अपनाई और कुछ ही समय में तीनों महिलाओं का सफल सत्यापन कर उनकी रुकी हुई पेंशन बहाल कर दी। पेंशन पुनः शुरू होने पर महिलाओं ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें आर्थिक सहायता समय पर मिल सकेगी।

इसी शिविर में चांदवास निवासी रामा, वारकी और केशरी को सामाजिक सुरक्षा पेंशन के नए स्वीकृति आदेश भी प्रदान किए गए। इसके अलावा उदयलाल को विवाह पंजीयन प्रमाण-पत्र भी मौके पर जारी किया गया। एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाओं का लाभ मिलने से ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की।

**वर्षों पुरानी समस्या का हुआ समाधान, हाथों-हाथ हुआ नक्शा शुद्धिकरण**

ग्राम पंचायत चीरवा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में राजस्व विभाग ने एक खातेदार की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान कर राहत प्रदान की। चीरवा निवासी राजेश पुत्र स्वर्गीय नारायणलाल मेनारिया ने नक्शा शुद्धिकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था।

उपखण्ड अधिकारी मनसुख डामोर, नायब तहसीलदार रमेश कुमार राजपुरोहित एवं राजस्व कार्मिकों ने प्रकरण का परीक्षण कर राजस्व अभिलेखों में आवश्यक संशोधन का आदेश जारी किया। वर्षों से लंबित नक्शा शुद्धिकरण का कार्य मौके पर पूर्ण होने से प्रार्थी ने राहत महसूस की और प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से प्रशासन गांवों तक पहुंचकर आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान कर रहा है। किसानों, बुजुर्गों, महिलाओं एवं आम नागरिकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे उपलब्ध होने से ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक माहौल बना हुआ है। शिविरों की यह पहल सरकार की जनकल्याणकारी सोच को धरातल पर साकार करती दिखाई दे रही है।

**किसानों को राहत**

### एमएसपी पर गेहूं खरीद की अवधि 19 जून तक बढ़ी

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर राज्य सरकार



ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं खरीद की अवधि बढ़ाकर 19 जून तक कर दी है। इससे जिन किसानों का गेहूं अब तक नहीं बिक पाया है, उन्हें अपनी उपज समर्थन मूल्य पर बेचने का अतिरिक्त अवसर मिलेगा। राज्य सरकार ने गेहूं खरीद लक्ष्य 23.50 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 28.50 लाख मीट्रिक टन कर दिया है। अब तक 3 लाख से अधिक किसानों से 25.90 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है। किसानों को 2,585 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी के साथ 150 रुपये प्रति क्विंटल बोनस मिल रहा है, जिससे कुल भुगतान 2,735 रुपये प्रति क्विंटल हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए खरीद प्रक्रिया को सरल और प्रभावी बनाया जा रहा है।

# राजतलाब थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई : लूट की सनसनीखेज वारदात का खुलासा, स्कूटी सवार दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**बांसवाड़ा।** जिले के पुलिस थाना राजतलाब ने लूट की सनसनीखेज वारदात का त्वरित खुलासा करते हुए स्कूटी सवार दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर लूटा गया मोबाइल फोन, चांदी का कड़ा एवं वारदात में प्रयुक्त स्कूटी बरामद करने के प्रयास कर रही है। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरपत सिंह एवं वृत्ताधिकारी मनीष चारण के सुपरविजन में उप निरीक्षक गंगाराम के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस के अनुसार एक




व्यक्ति राजतलाब थाना क्षेत्र के पुराने बस स्टैंड के पास खड़ा था, तभी स्कूटी पर सवार होकर आए दो बदमाश उसे जबरन अपनी स्कूटी पर बैठाकर एमजी अस्पताल तिराहे के पास ले गए। वहां आरोपियों ने पीड़ित को डरा-धमकाकर उसके हाथ में पहना चांदी का कड़ा एवं मोबाइल फोन लूट लिया और मौके से फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू की। जांच के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना पर घेराबंदी कर अशरफ उर्फ चिलम पुत्र शमीम खान उम्र 26 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड, बांसवाड़ा तथा शंकरलाल निनामा पुत्र गजेंद्र निनामा उम्र 19 वर्ष निवासी जैथलिया, थाना पीपलखूंट, जिला प्रतापगढ़ को डिटेन किया गया। गहन पूछताछ में दोनों ने लूट की वारदात करना स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है तथा उनसे अन्य वारदातों के खुलासे की भी संभावना जताई जा रही है। वहीं राजतलाब थाने में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी के प्रकरण संख्या 115/2026 में वांछित आरोपी रेहान मोहम्मद उर्फ टेपा पुत्र शाबिर खान उम्र 20 वर्ष निवासी हुसैनी चौक मंडिया, बांसवाड़ा को जिला जेल से प्राप्त कर अनुसंधान जारी रखा गया है।

**डीएसटी एवं सविना थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

### अवैध पिस्टल व कारतूस के साथ हिस्ट्रीशीटर सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिले की डीएसटी टीम एवं पुलिस थाना सविना ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए




अवैध हथियार रखने के मामले में हिस्ट्रीशीटर सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक अवैध पिस्टल एवं तीन जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन द्वारा अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा एवं वृत्ताधिकारी जगदीश कुमार के सुपरविजन में थानाधिकारी गजवीर सिंह, सविना थाना पुलिस एवं डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान हिस्ट्रीशीटर शहजाद खान उर्फ सराड़ी पुत्र बैराम खान निवासी पलटन मोहल्ला, सराड़ा जिला सलूम्बर तथा उसके साथी किस्मत अली उर्फ सैजा पुत्र मुनसफ अली निवासी कृष्णपुरा अलीपुरा, थाना भूपालपुरा, उदयपुर को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से एक अवैध पिस्टल एवं तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध सविना थाने में आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान शुरू कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्र विकास और प्राकृतिक खेती पर राज्यपालों के बीच चर्चा

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से शुक्रवार को लोकभवन में



गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने राष्ट्र विकास, प्राकृतिक खेती और उससे जुड़े जनजागरूकता प्रयासों पर चर्चा की। बैठक में केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी भी उपस्थित रहे। इससे पूर्व राज्यपाल बागडे ने आचार्य देवव्रत का शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

### नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 165 वाहन चालकों की हुई जांच

**सलूम्बर @ पदमावत मीडिया।** जिला सड़क सुरक्षा समिति के तत्वावधान में जिला परिवहन कार्यालय परिसर में वाहन चालकों के लिए नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित




किया गया। शिविर में तारा नेत्र संस्थान उदयपुर की टीम ने वाहन चालकों की आंखों की जांच की। शिविर में 165 वाहन चालकों की जांच की गई, जिनमें 4 मोतियाबिंद के रोगी पाए गए। वहीं 90 चालकों को मौके पर चश्मे तथा 110 को आई ड्रॉप वितरित की गई। जिला परिवहन अधिकारी विपिन माहेश्वरी ने बताया कि शिविर पूर्णतः नि:शुल्क था। शिविर के सफल आयोजन में चिकित्सा एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा।

**सुखेर थाना पुलिस की कार्रवाई**

### पाबंदी अवधि का उल्लंघन करने पर हिस्ट्रीशीटर न्यायिक हिरासत में भेजा

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिले के पुलिस थाना सुखेर ने पाबंदी अवधि के दौरान निर्धारित शर्तों का उल्लंघन करने वाले एक




व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भिजवाया है। पुलिस के अनुसार भैरूसिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी मुणवास, कैलाशपुरी को पूर्व में पाबंद किया गया था। इसके बावजूद उसने पाबंदी की शर्तों का उल्लंघन किया तथा परिवादी को पुनः परेशान किया। रिपोर्ट प्राप्त होने पर थाना सुखेर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को उपखंड अधिकारी बड़गांव के समक्ष पेश किया। जहां से उसे भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 141 के तहत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**हिरणमगरी थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई:**

### सोशल मीडिया पर तलवार लहराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, दो तलवारें बरामद

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिले के पुलिस थाना हिरणमगरी ने सोशल मीडिया पर तलवार लहराकर आमजन में भय का माहौल बनाने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके




कब्जे से दो तलवारें बरामद की हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा एवं वृत्ताधिकारी जगदीश विश्नोई के सुपरविजन में हिरणमगरी थाना पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार 11 जून को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें दो युवक सार्वजनिक स्थान पर तलवारें लहराते हुए लोगों को धमकाते दिखाई दे रहे थे। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की। जांच के दौरान पीयूष पुत्र आत्मप्रकाश निवासी वर्तमान सेक्टर-9, सविना तथा रविनाथ पुत्र रूपचंद निवासी वर्तमान सेक्टर-4, हिरणमगरी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों के कब्जे से दो तलवारें बरामद की हैं। आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान जारी है।

# कोटक म्यूचुअल फंड का महाअभियान: 10 वर्षों से निरंतर रक्तदान सेवा, उदयपुर में 33 यूनिट रक्त संग्रहित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : संदीप कोठारी**

उदयपुर। मानव सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए कोटक म्यूचुअल फंड द्वारा 12 जून को देशभर की शाखाओं में एक साथ विशाल रक्तदान अभियान आयोजित किया गया। इसी क्रम में उदयपुर शाखा में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 33 यूनिट रक्तदान किया। शिविर के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान देने का संदेश दिया गया तथा युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक किया गया।

कोटक म्यूचुअल फंड पिछले 10 वर्षों से लगातार प्रत्येक वर्ष रक्तदान शिविर आयोजित कर समाज सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। इस वर्ष भी विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर देशभर की शाखाओं में एक साथ रक्तदान कार्यक्रम आयोजित किए गए। उदयपुर शाखा में आयोजित शिविर का संचालन शाखा प्रमुख अभय प्रताप सिंह के निर्देशन एवं निगरानी में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर के दौरान कर्मचारियों, ग्राहकों और समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा रक्तदान कर मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। रक्तदान के महत्व को समझते हुए अनेक लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। आयोजन स्थल पर रक्तदाताओं में विशेष उत्साह









देखने को मिला और सभी ने इसे समाजहित का महत्वपूर्ण कार्य बताया। रक्तदान शिविर के सफल आयोजन में पुनीत शाह, योगेश मेघवाल, भवानी सिंह शेखावत एवं कमल प्रजापत की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहयोग प्रदान किया। आयोजनकताओं ने बताया कि रक्त की कमी के कारण कई बार मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, ऐसे में इस प्रकार के रक्तदान शिविर जरूरतमंदों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। आयोजकों ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एक यूनिट रक्त कई लोगों का जीवन बचाने में सहायक बन सकता है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने और समाज सेवा के इस पुनीत कार्य से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी रक्तदाताओं को उनके योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कोटक म्यूचुअल फंड का यह अभियान न केवल कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण है, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और मानवता के मूल्यों को भी सशक्त करने का कार्य कर रहा है।

# जोधपुर रेंज के महानिरीक्षक पुलिस सत्येन्द्र सिंह ने किया नाचना वृत का वार्षिक निरीक्षण

## थानों की कार्यप्रणाली, कानून व्यवस्था और सीमा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जैसलमेर।** जोधपुर रेंज के महानिरीक्षक पुलिस सत्येन्द्र सिंह ने शुक्रवार को नाचना वृत का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वृत कार्यालय नाचना, पुलिस थाना नाचना, पुलिस थाना पीटीएम, भारेवाला पुलिस चौकी, एचआरआरएल डैम तथा सीमा क्षेत्र के गांवों का दौरा कर कानून व्यवस्था, पुलिस कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

महानिरीक्षक पुलिस सत्येन्द्र सिंह नाचना वृत कार्यालय पहुंचे, जहां उन्हें पुलिस गार्ड द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने वृत कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण करते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था की जानकारी ली तथा कार्यालय में संधारित अभिलेखों का परीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय में पदस्थापित कार्मिकों से संवाद कर पुलिस मुख्यालय की प्राथमिकताओं की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान वृत क्षेत्र के थानाधिकारियों की अपराध गोष्ठी लेकर अपराध नियंत्रण, अनुसंधान की गुणवत्ता एवं कानून व्यवस्था से जुड़े विषयों पर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक जैसलमेर अभिषेक शिवहरे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पोकरण प्रवीण कुमार, वृताधिकारी नाचना गजेन्द्र सिंह चम्पावत, नाचना थाना प्रभारी लक्ष्मणराम, पीटीएम थाना प्रभारी प्रेमाराम तथा मोहनगढ़ थाना प्रभारी गीता विश्नोई उपस्थित रहे।

इसके बाद महानिरीक्षक पुलिस ने पुलिस थाना नाचना का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने थाना क्षेत्र की कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण की स्थिति एवं थाना स्तर पर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मालखाना, मैस, रिकॉर्ड रूम तथा अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए।



उन्होंने थाना स्टाफ को बेहतर पुलिसिंग, त्वरित कार्रवाई और आमजन से संवाद को प्राथमिकता देने के निर्देश प्रदान किए।

महानिरीक्षक पुलिस ने भदड़िया स्थित एचआरआरएल डैम का भी निरीक्षण कर वहां की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा अधिकाधिक वृक्षारोपण के लिए लोगों को प्रेरित किया। दौरे के दौरान महानिरीक्षक पुलिस भारेवाला एवं बाहला गांव भी पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीणों, विद्यार्थियों और युवाओं से संवाद किया। उन्होंने युवाओं को शिक्षा के महत्व, राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने तथा जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। साथ ही नशा मुक्ति, मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव एवं साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में जागरूकता प्रदान की।

भारेवाला पुलिस चौकी पहुंचकर उन्होंने वहां तैनात पुलिस कार्मिकों से संवाद किया तथा बेहतर पुलिसिंग, सतत क्षेत्र भ्रमण और प्रभावी आसूचना संकलन के निर्देश दिए।

महानिरीक्षक पुलिस ने भारेवाला के निकट स्थित बीएसएफ पोस्ट का भी दौरा किया। उन्होंने बीएसएफ अधिकारियों एवं जवानों से मुलाकात कर सीमा सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा जवानों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान सीमा क्षेत्र की सुरक्षा और समन्वय से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की गई।

दौरे के अंतिम चरण में महानिरीक्षक पुलिस ने पुलिस थाना पीटीएम का निरीक्षण किया। उन्होंने थाना क्षेत्र की कानून एवं शांति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों एवं कार्मिकों को प्रभावी पुलिसिंग और अपराध नियंत्रण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान महानिरीक्षक पुलिस ने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण तथा आमजन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने के लिए पुलिस को संवेदनशील, सक्रिय और जवाबदेह रहना होगा।

### आयुष विभाग के प्रमुख शासन सचिव ने आयुर्वेद महाविद्यालय का किया औचक निरीक्षण



**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** आयुष विभाग के प्रमुख शासन सचिव सुबीर कुमार ने मदन मोहन मालवीय राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक, चिकित्सीय एवं अनुसंधान गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, विभिन्न विभागों तथा विद्यार्थियों को उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और आयुर्वेद शिक्षा व रोगी सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निमार्णाधीन 13 कक्षा-कक्षों के भवन का अवलोकन कर कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति की जानकारी ली तथा समयबद्ध रूप से निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए। प्रमुख शासन सचिव ने छात्रावास का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं का भी जायजा लिया। चरक छात्रावास भवन की जर्जर स्थिति को देखते हुए उन्होंने पुराने भवन के स्थान पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त नए छात्रावास निर्माण का प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्राचार्य प्रो. अशोक कुमार शर्मा सहित महाविद्यालय के अधिकारी एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

### साध्वी श्री मंजुल ज्योति आदि ठाणा-5 का 14 जून को नगर प्रवेश, दूधिया गणेश जी में होगा चातुर्मास



**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** उपप्रवर्तिनी महासती साध्वी श्री मंजुल ज्योति म.सा. आदि ठाणा-5 का नगर प्रवेश 14 जून, रविवार को प्रातः 6:45 बजे श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संस्थान, सेक्टर-4 में होगा। साध्वी मंडल सुंदरवास जैन स्थानक से विहार कर नगर प्रवेश करेगा। मीडिया प्रभारी विनोद कोठारी ने बताया कि साध्वी श्री मंजुल ज्योति, साध्वी श्री वसुधा, साध्वी श्री वंदिता, साध्वी श्री विजेता एवं साध्वी श्री डॉ. वारिधि का 2026 चातुर्मास दूधिया गणेश जी स्थित श्री वर्धमान पुष्कर गुरु ध्यान केंद्र में संपन्न होगा। चातुर्मास मंगल प्रवेश 22 जुलाई को होगा। नगर प्रवेश के बाद 15 जून से प्रतिदिन प्रातः 9 से 10 बजे तक प्रवचन होंगे। नगर प्रवेश में महिलाओं के लिए रानी/लाल चुंदरी तथा पुरुषों के लिए सफेद वस्त्र निर्धारित किए गए हैं। आयोजन को लेकर विभिन्न समितियों का गठन कर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।

# मानवता की मिसाल, 25 किलोमीटर दूर से आकर किया रक्तदान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**



**भीनमाल।** स्थानीय भूपेंद्र हॉस्पिटल में भर्ती मरीज जमना को ओ नेगेटिव रक्त की तत्काल आवश्यकता थी। लगभग 4-5 घंटे तक परिजन रक्त की तलाश में भटकते रहे, लेकिन सफलता नहीं मिली ?। इसके बाद डॉ. भूपेंद्र ने नाहर ब्लड सेंटर से संपर्क किया। नाहर ब्लड सेंटर की टीम ने तुरंत सक्रिय होकर 20-25 रक्तवीरों से संपर्क किया। लगातार प्रयासों के बाद बोरटा निवासी रक्तवीर मानसिंह ने बिना देर किए अपनी जिम्मेदारी निभाई और लगभग 25 किलोमीटर दूर से यहां पहुँचकर स्वैच्छिक रक्तदान किया। उनके इस निस्वार्थ रक्तदान से मरीज को समय पर ओ नेगेटिव रक्त उपलब्ध हो सका और एक जरूरतमंद को नई उम्मीद मिली।

रमेश फुलवारिया ने बताया कि रक्तवीर मानसिंह को उनके इस महान एवं प्रेरणादायक कार्य के लिए नाहर ब्लड बैंक द्वारा हार्दिक धन्यवाद एवं अभिनंदन ज्ञापित किया गया।

# बालश्रम समाज पर कलंक, इसके उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : एसपी बिश्नोई








पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूम्बर।** विश्व बालश्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिला पुलिस प्रशासन, गायत्री सेवा संस्थान एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को पुलिस लाइन सलूम्बर में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालश्रम उन्मूलन, बाल संरक्षण तथा बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक विशनाराम बिश्नोई ने कहा कि बालश्रम एक गंभीर सामाजिक बुराई होने के साथ समाज पर कलंक है। प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मानजनक बचपन का अधिकार है। बालश्रम मुक्त समाज के निर्माण के लिए सरकारी विभागों, स्वयंसेवी संस्थाओं और आमजन को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि बच्चों से जबरन श्रम करवाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। बाल कल्याण समिति उदयपुर की कार्यकारी अध्यक्ष यशोदा पनिया ने कहा कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बालश्रम के विरुद्ध जनजागरण अभियान को और प्रभावी बनाने की आवश्यकता बताते हुए बाल संरक्षण के क्षेत्र में गायत्री सेवा संस्थान द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। गायत्री सेवा संस्थान की परियोजना अधिकारी पायल कनेरिया ने संस्थान द्वारा बाल संरक्षण एवं बाल अधिकारों के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्थान जून माह में पुलिस विभाग के उमंग-7 अभियान के साथ जुड़कर सलूम्बर जिले में विशेष जागरूकता अभियान संचालित कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान बालश्रम निषेध कानून, बाल संरक्षण तंत्र, बाल अधिकारों तथा मानव तस्करी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। उपस्थित अधिकारियों एवं प्रतिभागियों को बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए प्रभावी समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन लाइन मेजर कल्पेश पाटीदार ने किया। इस अवसर पर मानव तस्करी विरोधी यूनिट के बहादुर लाल, गायत्री सेवा संस्थान के नारायणलाल आहारी, रमेश चौबीसा, जागृति श्रीमाली सहित जिले के विभिन्न पुलिस थानों के बाल कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे।

अंत में सभी प्रतिभागियों ने बालश्रम मुक्त समाज के निर्माण तथा बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# खबर संक्षेप

### हिरणमगरी थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई:

## चेन स्नेचिंग करने वाले गिरोह का पदार्फाश, दो आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिले के पुलिस थाना हिरणमगरी ने शहर में लगातार हो रही चेन स्नेचिंग की वारदातों का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।




आरोपियों द्वारा महिलाओं के गले से सोने की चेन झपटकर फरार होने की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा था। पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा एवं वृत्ताधिकारी जगदीश विश्नोई के सुपरविजन में थाना हिरणमगरी एवं गोवर्धनविलास की संयुक्त टीम गठित की गई। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी बिना नंबर की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल का उपयोग कर शाम के समय अकेली महिलाओं को निशाना बनाते थे और चेन छीनकर फरार हो जाते थे।

पुलिस ने तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर दो आरोपियों राहुल पुत्र शंकर लाल निवासी प्रतापनगर, जिला भीलवाड़ा तथा बाबूलाल उर्फ निखिल पुत्र नाथूलाल निवासी भींडर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने हिरणमगरी एवं गोवर्धनविलास थाना क्षेत्रों में चेन स्नेचिंग की वारदातें करना स्वीकार किया है। पुलिस अन्य घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।

### बड़गांव थाना पुलिस की कार्रवाई

## सूने मकान में चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, जेवरात और बाइक बरामद

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिले के पुलिस थाना बड़गांव ने सूने मकान में चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी गए




सोने-चांदी के जेवरात तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की है। प्रार्थिया सरोज कंवर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 30 अप्रैल 2026 को अज्ञात बदमाश उनके घर का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा एवं वृत्ताधिकारी राजेश यादव के सुपरविजन में थाना बड़गांव की टीम ने तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर मामले का खुलासा किया। पुलिस ने दीता उर्फ अंकित उर्फ कालूनाथ पुत्र नारायण उर्फ नारू निवासी अंबामाता तथा गल्या उर्फ अनिल पुत्र शांतीलाल निवासी अंबामाता को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी गए सोने-चांदी के जेवरात तथा वारदात में प्रयुक्त बिना नंबर की संशोधित स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी दीता चोरी और नकबजनी का आदतन अपराधी है तथा उसके विरुद्ध शहर के विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज हैं। मामले में एक अन्य आरोपी रवि की तलाश जारी है।

## ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 10 लाख की साइबर ठगी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल @ पदमावत मीडिया।** नरसिंहपुर पुलिस ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 10 लाख रुपये की साइबर ठगी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को नागपुर से गिरफ्तार किया



है। पुलिस ने तकनीकी जांच के आधार पर आरोपियों की पहचान कर ठगी गई पूरी राशि बरामद कर पीड़ित को वापस दिला दी। गाडरवारा निवासी एक व्यक्ति को फेसबुक पर ऑनलाइन ट्रेडिंग में अधिक मुनाफे का लालच देकर 10 लाख रुपये का निवेश कराया गया था। राशि वापस नहीं मिलने पर पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने लोगों से ऑनलाइन निवेश संबंधी प्रलोभनों से सावधान रहने की अपील की है।

# सूचना केंद्र जयपुर में तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ, केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को किया गया प्रदर्शित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण एवं राष्ट्र निर्माण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के थीम पर आधारित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन सूचना केंद्र जयपुर में किया गया। प्रदर्शनी में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों को आकर्षक एवं तथ्यपरक तरीके से प्रदर्शित किया गया। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 12 वर्षों में विकास, सुशासन, सांस्कृतिक गौरव, आधारभूत संरचना, गरीब कल्याण, युवा सशक्तिकरण, किसान हित और महिला उत्थान के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि बीते 12 वर्षों में गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी विकास यात्रा और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बनेगी।

हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन आमजन को सरकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

प्रदर्शनी में आधारभूत संरचना, महिला सशक्तिकरण, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, सुशासन और गरीब कल्याण से संबंधित योजनाओं एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त वी. सरवन कुमार एवं जिला कलेक्टर संदेश नायक ने विद्यार्थियों एवं युवाओं से संवाद कर उन्हें केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं से विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षु आईएएस विभोर भारद्वाज ने विद्यार्थियों और युवाओं को यूपीएससी परीक्षा की तैयारी से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिए। प्रदर्शनी में उपस्थित आगंतुकों ने योजनाओं एवं विकास कार्यों को सरल और प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किए जाने की सराहना की।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक हेमंत सिंह ने बताया कि यह प्रदर्शनी 14 जून तक प्रतिदिन प्रातः 9:30 बजे से सायं 6 बजे तक आमजन के लिए खुली रहेगी। प्रदर्शनी का उद्देश्य नागरिकों को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी उपलब्ध कराना है।

कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रथम राजीव द्विवेदी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर चतुर्थ आशीष कुमार, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के संयुक्त निदेशक मनमोहन हर्ष, रजनीश शर्मा, जसराम मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

















# केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ

## जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों से रूबरू हुए जिलेवासी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूम्बर ।** जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय सलूम्बर द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों पर आधारित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ शुक्रवार को जिला पुस्तकालय सभागार, पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर सलूम्बर में किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ सलूम्बर विधायक शांता देवी मीणा एवं जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनैद पी.पी. ने फीता काटकर तथा प्रदर्शनी का अवलोकन कर किया।

प्रदर्शनी में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए विकास कार्यों, जनहितकारी योजनाओं तथा उपलब्धियों को आकर्षक एवं तथ्यात्मक स्वरूप में प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों और विकास यात्रा की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।

इस अवसर पर विधायक शांता देवी मीणा ने कहा कि पिछले वर्षों में जनकल्याण, आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण, रोजगार सृजन और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित यह प्रदर्शनी विकास यात्रा को आमजन तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है, जिससे लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आया है।



विधायक ने अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए नागरिकों से सौर ऊर्जा अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आर्थिक बचत का भी सशक्त माध्यम है। आमजन को सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाना चाहिए। जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनैद पी.पी. ने कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों एवं विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदर्शनी में कृषि, ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, ऊर्जा, सामाजिक न्याय, कौशल विकास, डिजिटल सेवाओं एवं आधारभूत संरचना से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों को प्रदर्शित किया गया है।

उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना तथा नागरिकों के जीवन को सरल, सुरक्षित और समृद्ध बनाना है। प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी प्राप्त होगी और पात्र नागरिक इनका लाभ उठा सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर ने जिला पुस्तकालय का निरीक्षण भी किया। उन्होंने पुस्तकालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं युवाओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और सुझाव प्राप्त किए। विद्यार्थियों ने अध्ययन सुविधाओं एवं पुस्तकालय व्यवस्था के संबंध में अपने विचार साझा किए। जिला कलेक्टर ने पुस्तकालय प्रशासन को अध्ययन सामग्री एवं अन्य सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए तथा युवाओं को नियमित अध्ययन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पुस्तकालय का अधिकतम उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

### प्रदर्शनी का अवलोकन करने की अपील

विधायक शांता देवी मीणा एवं जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनैद पी.पी. ने जिलेवासियों से प्रदर्शनी का अवलोकन करने की अपील करते हुए कहा कि प्रदर्शनी आगामी तीन दिनों तक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक आमजन के लिए खुली रहेगी। उन्होंने विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं, किसानों एवं सामाजिक संगठनों से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों एवं विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त करने का आग्रह किया। प्रदर्शनी शुभारंभ अवसर पर पूर्व प्रतिपक्ष नेता प्रभुलाल जैन, संजय चास्ता, भगवतीलाल सेवक, विद्यार्थी तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## प्रतापगढ़ में शहरी सेवा शिविर का शुभारंभ, जिला कलेक्टर ने किया निरीक्षण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**प्रतापगढ़।** राज्य सरकार के निदेर्शानुसार नगर परिषद क्षेत्र में शुक्रवार को शहरी सेवा शिविर का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समाजसेवी महावीर कृष्णावत ने किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने शिविर का निरीक्षण कर विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया तथा अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण



सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

शिविर में नगर परिषद सहित विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गईं। अधिकारियों ने योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने की प्रक्रिया भी शुरू की। प्रशासन ने आमजन से शिविर में पहुंचकर सरकारी सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

## पहचान पोर्टल से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र अब व्हाट्सएप पर भी उपलब्ध

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** राज्य सरकार ने जन्म एवं मृत्यु पंजीयन प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए पहचान पोर्टल और पहचान एप के माध्यम से ऑनलाइन सेवाएं शुरू की हैं। अब जन्म, मृत्यु एवं विवाह प्रमाण पत्र व्हाट्सएप के जरिए भी प्राप्त किए जा सकते हैं। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के संयुक्त निदेशक पुनीत शर्मा ने बताया कि ई-साइन एवं डिजिटल हस्ताक्षरयुक्त प्रमाण पत्र पूरी तरह वैध हैं तथा क्यूआर कोड से सत्यापित किए जा सकते हैं। जन्म पंजीकरण के एक वर्ष तक निशुल्क नाम जोड़ने की सुविधा भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि विभागीय चैटबॉट के माध्यम से आवेदन की स्थिति, पंजीयन प्रक्रिया तथा संबंधित अधिकारियों की जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है। साथ ही नवजात शिशुओं का स्वतः जनआधार नामांकन तथा मृत्यु होने पर जनआधार से नाम हटाने की सुविधा भी शुरू की गई है।

## नौ चौकी पाल पर योग महोत्सव, सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने किया योगाभ्यास







पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**राजसमंद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के काउंटडाउन कार्यक्रमों के तहत शुक्रवार को राजसमंद झील की नौ चौकी पाल पर योग महोत्सव एवं सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने सहभागिता कर योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में बड़ी संख्या में लोगों ने योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया। सांसद ने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास का प्रभावी माध्यम है तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए सभी को नियमित योग करना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन गायत्री परिवार ट्रस्ट, आयुर्वेद विभाग, जिला प्रशासन, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान एवं आयुष मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इसमें जनप्रतिनिधि, अधिकारी और नागरिक मौजूद रहे।

## उदयपुर के दिनेश कोठारी का फोटोग्राफ इटली में होगा प्रदर्शित

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** सेवानिवृत्त आरएएस अधिकारी एवं प्रसिद्ध फोटोग्राफर दिनेश कोठारी की फोटोग्राफी का चयन भारत-इटली संयुक्त अंतरराष्ट्रीय फोटो प्रदर्शनी ह्यप्रोग्रेस फेस्टिवलह्न के लिए हुआ है। उनका चयनित फोटोग्राफ जून के अंतिम सप्ताह में इटली के जेनोआ शहर में आयोजित प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया जाएगा। यह प्रदर्शनी भारत-इटली कला विनिमय कार्यक्रम के तहत फोटोग्राफी क्लब ऑफ इंडिया एवं इटली की संस्था प्रोग्रेसिव स्ट्रीट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगी।




## पुलिस थाना जसोल की बड़ी कार्रवाई: नकबजनी की वारदात का पदार्फाश, 02 आरोपी गिरफ्तार, 1.83 लाख नकद बरामद

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**बालोतरा।** जिले के पुलिस थाना जसोल ने विशेष अभियान ऑपरेशन अश्ववेग के तहत नकबजनी की एक बड़ी वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई राशि में से 1,83,550 नकद बरामद किए हैं। मामले में शेष माल की बरामदगी एवं अन्य पहलुओं को लेकर अनुसंधान जारी है। पुलिस अधीक्षक बालोतरा रमेश आईपीएस के निदेर्शानुसार जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों के शीघ्र खुलासे एवं शत-प्रतिशत बरामदगी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन अश्ववेग के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरफूलसिंह तथा वृताधिकारी बालोतरा विकास कुमार के सुपरविजन में थानाधिकारी जसोल शारदा विश्नोई के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने यह सफलता हासिल की। पुलिस के अनुसार प्रार्थी सलीम खां पुत्र भवरू खां निवासी हाउसिंग बोर्ड, माजीवाला, थाना जसोल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 12 अप्रैल 2026 को वह अपने परिवार के साथ दताला दरगाह, सिवाना गया हुआ था। घर पर कोई सदस्य मौजूद नहीं होने का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाशों ने मकान में घुसकर कमरों के ताले





तोड़ दिए तथा तिजोरी में रखी करीब 5 लाख 10 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।

अनुसंधान के दौरान पुलिस टीम ने परंपरागत पुलिसिंग, तकनीकी संसाधनों एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से संदिग्धों की पहचान कर सलीम खां पुत्र जलाल खां एवं जेसलराम उर्फ जसवंत पुत्र रतनाराम को दस्तयाब किया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने वारदात करना स्वीकार कर लिया।

जांच में सामने आया कि आरोपी सलीम पीड़ित का करीबी रिश्तेदार है तथा उसका पीड़ित के घर नियमित रूप से आना-जाना था। इसी कारण उसे परिवार की गतिविधियों की पूरी जानकारी थी। परिवार के घर से बाहर होने की सूचना का लाभ उठाकर उसने अपने पड़ोसी एवं साथी जसवंत के साथ मिलकर सुनियोजित तरीके से चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पूछताछ में आरोपियों ने मौज-मस्ती एवं ऐशो-आराम के लिए अपराध करना स्वीकार किया।

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई राशि में से ?1,83,550 नकद बरामद किए हैं। मामले में शेष चोरीशुदा माल की बरामदगी एवं अन्य पहलुओं पर अनुसंधान जारी है।

**गिरफ्तार आरोपी:** सलीम खां पुत्र जलाल खां, उम्र 23 वर्ष, निवासी हाउसिंग बोर्ड, माजीवाला, थाना जसोल, जिला बालोतरा तथा जेसलराम उर्फ जसवंत पुत्र रतनाराम, उम्र 19 वर्ष, निवासी हाउसिंग बोर्ड, माजीवाला, थाना जसोल, जिला बालोतरा।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण सेवा शिविर में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं, त्वरित समाधान के निर्देश

**भीलवाड़ा @ पदमावत मीडिया।** आसींद क्षेत्र की ग्राम पंचायत परासोली में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू एवं विधायक जब्बर सिंह




ने निरीक्षण कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। शिविर में राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इसके बाद आसींद नगरपालिका परिसर में लाभार्थियों को पट्टों का वितरण किया गया।

### जनजाति शोधार्थियों के लिए शोध फैलोशिप आवेदन आमंत्रित

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** माणिक्यलाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (टीआरआई) ने टीएसपी क्षेत्र एवं बारां जिले की शाहबाद और किशनगंज तहसील के जनजाति वर्ग के पीएचडी शोधार्थियों से शोध फैलोशिप के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। निदेशक ओ.पी. जैन ने बताया कि आवेदक की आयु 21 से 35 वर्ष के बीच हो तथा आवेदक या उसके माता-पिता आयकरदाता नहीं हों। नेट एवं स्लेट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून 2026 शाम 5 बजे निर्धारित की गई है। चयनित शोधार्थियों को 37 हजार रुपये प्रतिमाह फैलोशिप, 3,330 रुपये मकान किराया तथा शोध अवधि के लिए 40 हजार रुपये आकस्मिक निधि प्रदान की जाएगी। विस्तृत दिशा-निर्देश जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग एवं टीआरआई की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

### रीट में 40वीं रैंक हासिल कर कृतिका आमेटा ने पूरा किया अध्यापक बनने का सपना

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजकीय गुरु नानक उच्च माध्यमिक विद्यालय की पूर्व छात्रा कृतिका आमेटा ने रीट लेवल प्रथम परीक्षा में 191 अंक प्राप्त कर राज्य में 40वीं रैंक हासिल की है। प्रथम प्रयास में मिली इस सफलता से उन्होंने अध्यापक बनने का अपना संकल्प पूरा किया। कृतिका इससे पूर्व कक्षा 12वीं में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर इंदिरा प्रियदर्शनी पुरस्कार से सम्मानित हो चुकी हैं। उन्हें एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि और स्कूटी भी प्रदान की गई थी। कक्षा 10वीं में भी उन्होंने 92.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे तथा गार्गी पुरस्कार और फतेह सिंह पुरस्कार से सम्मानित हो चुकी हैं। पिता प्रभात आमेटा और परिवार के मार्गदर्शन में आगे बढ़ रही कृतिका का लक्ष्य भविष्य में प्रशासनिक सेवाओं में जाना है। उनकी सफलता पर विद्यालय परिवार और परिजनों ने स्वागत कर शुभकामनाएं दीं।



### डायल-112 की तत्परता से सड़क हादसे में घायल 7 लोगों की बची जान

**भोपाल @ पदमावत मीडिया।** जबलपुर जिले के मझौली थाना क्षेत्र में डायल-112 टीम ने सड़क दुर्घटना में घायल 7 लोगों को त्वरित सहायता देकर अस्पताल पहुंचाया। मनगवां गांव के पास सुहार नदी के निकट स्कॉर्पियो वाहन का टायर फटने से वाहन पलट गया, जिससे उसमें सवार सात लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही डायल-112 स्टाफ कमल सिंह एवं पायलट नरेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को तत्काल शासकीय अस्पताल मझौली पहुंचाकर उपचार उपलब्ध कराया। समय पर मिली सहायता से घायलों को शीघ्र चिकित्सकीय सुविधा मिल सकी।



बायोमेट्रिक कंपनी के कर्मचारियों की भूमिका उजागर, कंपनी को काली सूची में डालने का प्रस्ताव

# बिहार में परीक्षा माफिया पर आर्थिक अपराध इकाई का बड़ा प्रहार, प्रश्नपत्र लीक कांड में 37 आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**पटना।** बिहार में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार, प्रश्नपत्र लीक और बायोमेट्रिक धांधली के मामलों में आर्थिक अपराध इकाई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अब तक 37 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है। बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी (एईडीओ) प्रतियोगिता परीक्षा-2026 तथा सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा-2026 में अनियमितताओं के मामलों की जांच आर्थिक अपराध इकाई द्वारा की जा रही है। जांच एजेंसी के अनुसार एईडीओ परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक और कदाचार से जुड़े मुंगेर, नालंदा, वैशाली, बेगूसराय और नवादा जिलों में दर्ज पांच मामलों की गंभीरता को देखते हुए अनुसंधान आर्थिक अपराध इकाई को सौंपा गया था। इन मामलों में अब तक 35 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

इसके अतिरिक्त सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा में कदाचार से जुड़े मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

जांच के दौरान बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए नियुक्त



जयपुर स्थित निजी कंपनी मेसर्स साई एजुकेयर प्राइवेट लिमिटेड के कई कर्मचारियों की संलिप्तता सामने आई है। गिरफ्तार आरोपियों में कंपनी के जिला समन्वयक, बायोमेट्रिक सुपरवाइजर और अन्य कर्मचारी शामिल हैं। जांच में पाया गया कि कई बायोमेट्रिक ऑपरेटर स्वयं परीक्षा के अभ्यर्थी थे, जबकि उन्हें परीक्षा प्रक्रिया में नियुक्त किया गया था।

अनुसंधान के दौरान यह भी सामने आया कि कुछ कर्मचारियों का पूर्व में भी परीक्षा धांधली मामलों से संबंध रहा है, इसके बावजूद उनका सत्यापन किए बिना उन्हें दोबारा नियुक्त किया गया। कई स्थानों पर निर्धारित प्रक्रिया के विपरीत अंतिम समय में ऐसे कर्मचारियों को परीक्षा केंद्रों पर तैनात किया गया, जिनके नाम अधिकृत सूची में शामिल नहीं थे। आर्थिक अपराध इकाई ने इन गंभीर अनियमितताओं के आधार पर संबंधित कंपनी को काली सूची में डालने का प्रस्ताव तैयार किया है। वहीं ब्लूटूथ एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से नकल कराने के मामलों में जैमर व्यवस्था से जुड़ी कंपनी की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

#### भविष्य की परीक्षाओं के लिए विशेष निगरानी व्यवस्था

आर्थिक अपराध इकाई ने बताया कि आगामी नीट यूजी पुनर्परीक्षा, सिपाही भर्ती परीक्षा तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए विशेष निगरानी तंत्र विकसित किया जा रहा है। पूर्व आरोपियों की गतिविधियों पर नजर रखने, खुफिया सूचना एकत्र करने और संभावित परीक्षा माफियाओं की पहचान के लिए विशेष प्रकोष्ठ का गठन किया गया है।

#### भ्रष्टाचार के मामलों में भी बड़ी कार्रवाई

आर्थिक अपराध इकाई ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान के तहत आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामलों में कई अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

सुपौल के जिला अवर निबंधक अमरेन्द्र कुमार के विरुद्ध आय से 65.08 प्रतिशत अधिक संपत्ति पाए जाने पर मामला दर्ज किया गया है। जमुई के ग्रामीण कार्य प्रमंडल झाझा के कार्यपालक अभियंता गोपाल कुमार के विरुद्ध 81.50 प्रतिशत, दरभंगा के केवटी प्रखंड विकास पदाधिकारी चन्द्रमोहन पासवान के विरुद्ध 81.03 प्रतिशत तथा हाजीपुर नगर परिषद कार्यालय के लेखापाल मनीष कुमार के विरुद्ध 208.57 प्रतिशत आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में अलग-अलग मामले दर्ज कर जांच की जा रही है।

#### संगठित आर्थिक अपराध पर विशेष फोकस

आर्थिक अपराध इकाई ने संगठित आर्थिक अपराधों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए नई विशेष शाखा का गठन किया है। यह शाखा आर्थिक अपराधों में संलिप्त संगठित गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। इसके अलावा भूमि एवं राजस्व सुधार विभाग में भ्रष्टाचार से संबंधित मामलों की जांच के लिए विशेष जांच दल का भी गठन किया गया है।

आर्थिक अपराध इकाई का कहना है कि परीक्षा माफिया, भ्रष्टाचार और संगठित आर्थिक अपराधों के विरुद्ध कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## कोटड़ा पहुंचे जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल, ग्रामीण सेवा शिविर और कार्यालयों का किया निरीक्षण

मालवा का चौरा में रात्रि चौपाल आयोजित, ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर दिए त्वरित समाधान के निर्देश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने शुक्रवार को जनजाति बहुल सुदूरवर्ती कोटड़ा क्षेत्र का दौरा कर ग्रामीण सेवा शिविर, विभिन्न सरकारी कार्यालयों तथा रात्रि चौपाल का निरीक्षण किया। दौरे के दौरान उन्होंने आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल शुक्रवार शाम को कोटड़ा पहुंचे और ग्राम पंचायत मुख्यालय कोटड़ा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने शिविर में की जा रही गतिविधियों, प्राप्त आवेदनों एवं उनके निस्तारण की प्रगति की जानकारी ली। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने आमजन को प्रदान की जा रही सेवाओं और योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। इस दौरान विभागीय अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्रामीण सेवा शिविर के निरीक्षण के बाद जिला कलेक्टर ने उपखंड कार्यालय, पंचायत





समिति, तहसील कार्यालय, उप कोष कार्यालय तथा पुलिस थाना का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालयों में उपलब्ध व्यवस्थाओं, अभिलेखों के संधारण एवं जनसुनवाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारियों को कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। देर शाम जिला कलेक्टर ग्राम पंचायत मालवा का चौरा पहुंचे, जहां रात्रि चौपाल आयोजित की गई। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेते हुए बिजली, सड़क, पेयजल, अतिक्रमण सहित विभिन्न जनसमस्याओं से संबंधित परिवेदनाएं प्रस्तुत कीं। जिला कलेक्टर ने प्रत्येक परिवेदना को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की तथा समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आमजन की समस्याओं के निराकरण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए और निर्धारित समयावधि में कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

रात्रि चौपाल के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन द्वारा गांव तक पहुंचकर समस्याएं सुनने और समाधान के प्रयासों की सराहना करते हुए अपनी संतुष्टि व्यक्त की।

## सेवा, सुशासन और जनकल्याण को समर्पित हैं राज्य सरकार के सेवा शिविर : हेमंत मीणा



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिलेभर में शुक्रवार से ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों का शुभारंभ हुआ। प्रभारी मंत्री हेमंत मीणा ने उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए) परिसर में आयोजित शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा लाभार्थियों से संवाद कर विभिन्न योजनाओं के लाभ वितरित किए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सेवा शिविर सरकार की सेवा, सुशासन और जनकल्याण की भावना को साकार कर रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का संवेदनशीलता के साथ समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। सेवा शिविर सरकार और आमजन के बीच संवाद एवं विश्वास को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। निरीक्षण के दौरान सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना, यूडीए सचिव हेमेन्द्र नागर सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के प्रदर्शनी का शुभारंभ

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सूचना केंद्र सभागार में आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के का शुभारंभ शुक्रवार को राजस्व एवं उपनिवेशन मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री हेमंत मीणा ने किया। प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनसेवा के नए आयाम स्थापित किए हैं। पिछले 12 वर्षों में आधारभूत संरचना, डिजिटल तकनीक, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल हुई हैं। प्रदर्शनी में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## 5 वर्षीय मोहम्मद अली का नि:शुल्क कॉकलियर इम्प्लांट, अब सुन सकेगा दुनिया की आवाज


**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** सिरोही निवासी 5 वर्षीय मोहम्मद अली का पीएमसीएच अस्पताल में निःशुल्क कॉकलियर इम्प्लांट ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। जन्म से सुनने और बोलने में असमर्थ बच्चे के उपचार के लिए आर्थिक तंगी बाधा बनी हुई थी, लेकिन पीएमसीएच चेयरमैन राहुल अग्रवाल की आर्थिक सहायता से उसका इलाज संभव हो सका। अस्पताल की विशेषज्ञ टीम ने कॉकलियर इम्प्लांट एवं ईएनटी सर्जन डॉ. एस.एस. कौशिक, डॉ. ऋचा गुप्ता, डॉ. नवनीत माथुर तथा एनेस्थीसिया विभाग के डॉ. प्रकाश औदिच्य के नेतृत्व में सफल ऑपरेशन किया। डॉ. कौशिक ने बताया कि ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा है। अब थेरेपी के माध्यम से बच्चे को सुनने और बोलने का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वह सामान्य बच्चों की तरह जीवन जी सकेगा। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन एवं चिकित्सकों का आभार व्यक्त करते हुए इसे बच्चे के जीवन की नई शुरूआत बताया।



## फतहसागर की पाल पर 14 जून को होगा योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के तहत 14 जून को सुबह 6 बजे फतहसागर की पाल पर सामूहिक योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम इस वर्ष की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग को समर्पित रहेगा। जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने जिलेवासियों से अधिकाधिक संख्या में भाग



लेने की अपील करते हुए कहा कि उदयपुर को योग के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए सभी नागरिक इस अभियान से जुड़ें। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक, विद्यार्थी, महिलाएं, योग साधक एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। आयुष विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में योगासन, प्राणायाम, ध्यान एवं कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया जाएगा। साथ ही प्रतिभागियों को विश्व रिकॉर्ड प्रयास से जुड़ने के लिए पंजीकरण करने का भी अवसर मिलेगा।

### महिला समृद्धि बैंक ने शुरू किया हरियालो राजस्थान अभियान

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** महिला समृद्धि बैंक ने अपने 32वें स्थापना दिवस के अवसर पर



एक पेड़ मां के नाम एवं हरियालो राजस्थान अभियान की शुरूआत करते हुए एकलिंगपुरा ग्राम में 10 पौधे एवं 10 परिण्डे लगाए। बैंक अध्यक्ष डॉ. किरण जैन ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के उद्देश्य से यह अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है तथा सभी नागरिकों को पौधारोपण के साथ उनकी देखभाल का भी संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में बैंक के संचालक मंडल के सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर निदेशक मंडल के सदस्य, बैंक अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### डायरेक्ट टैक्स पर राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस चरैवेति का आगाज, देशभर के 600 से अधिक सीए जुटे

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) की उदयपुर शाखा के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन डायरेक्ट टैक्स-2026 चरैवेति का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। सम्मेलन में देशभर के 600 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, कर सलाहकार, अधिवक्ता और आयकर विशेषज्ञ शामिल हुए। उद्घाटन सत्र में शाखा अध्यक्ष सीए चिराग धर्मावत ने स्वागत उद्बोधन दिया। सम्मेलन में आयकर अधिनियम-2025, कर निर्धारण में बदलाव, असेसमेंट, री-असेसमेंट, रीओपनिंग और सक्सेशन प्लानिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने विचार साझा किए। आईसीएआई डायरेक्ट टैक्स कमेटी के




वाइस चेयरमैन सीए पंकज शाह ने नए आयकर अधिनियम की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डाला, जबकि एडवोकेट डॉ. (सीए) कपिल गोयल ने कर निर्धारण संबंधी कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। जयपुर के सीए रवि ममोडिया ने सक्सेशन प्लानिंग और विल पर विस्तृत चर्चा की। सम्मेलन के दूसरे दिन डायरेक्ट टैक्स से जुड़े विभिन्न तकनीकी विषयों और नवीन प्रावधानों पर देश के विशेषज्ञ मंथन करेंगे।

### सागवाड़ा में शहरी सेवा शिविर का शुभारंभ, त्वरित समाधान पर जोर

**डूंगरपुर @ पदमावत मीडिया।** राज्य सरकार के शहरी सेवा शिविर अभियान के तहत नगर पालिका सागवाड़ा में शुक्रवार को शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद कनकमल कटारा ने अधिकारियों से प्राप्त प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने का आह्वान किया। तहसीलदार एवं अधिशासी अधिकारी रमेशचंद्र वडेरा ने बताया कि शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। शिविर में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण स्वीकृति, पेयजल, विद्युत, चिकित्सा, स्वच्छता एवं अन्य जनसेवाओं से संबंधित कार्य किए गए। शिविर के दौरान 9 जन्म प्रमाण पत्र तथा 4 भवन निर्माण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।